CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAJK1 User: cci Time: 03-21-2026 22:06 Color:

नई दिल्ली > रविवार, 22 मार्च 2026 > चैत्र। शक संवत 1948, चैत्र शुक्ल चतुर्थी, विक्रम संवत 2083

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 22, संख्या 12 > पेज 24* > मूल्य ₹6.00 या ₹12.50* संडे टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू

# NBT
# संडे नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।




आज देवी कूष्मांडा की पूजा

PM मोदी और ईरानी राष्ट्रपति में हुई बात

▶ देखें अंदर




5 GRAM GOLD COIN ON EVERY BOOKING - NAVRATRI OFFER

BOOK NOW TO GET ₹500/- DISCOUNT | TILL 27TH MARCH

SHUBH BOOKING ADVANTAGE
Special Navratri Benefits On Every Booking

GOLD COIN BENEFIT
5 Gram Gold Coin On Every Booking

EARLY INVESTOR ADVANTAGE
Best Price Phase – Maximum Appreciation

PRIME LOCATION EDGE
Just 5 Min. from Prem Mandir

Laadli Group
Where Dreams Come Home

LAADLI Govindvan

CALL US: 703-703-0598, 952-088-5411, 7060-100-731

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAJK2 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 03-21-2026 21:44 Color:


# LAST 5 DAYS

TO UNLOCK NAVRATRI SPECIAL BENEFITS

**IN VRINDAVAN'S MOST PROMISING PLOTTED DEVELOPMENT**

## UPCOMING PLOTS IN VRINDAVAN

**STARTING @ ₹42,500/- SQ.YD.**



5 GRAM GOLD COIN

**ON EVERY BOOKING - NAVRATRI OFFER**

**BOOK NOW TO GET ₹500/- DISCOUNT | TILL 27TH MARCH**

| SHUBH BOOKING ADVANTAGE | GOLD COIN BENEFIT | EARLY INVESTOR ADVANTAGE | PRIME LOCATION EDGE |
|---|---|---|---|
| Special Navratri Benefits On Every Booking | 5 Gram Gold Coin On Every Booking | Best Price Phase – Maximum Appreciation | Just 5 Min. from Prem Mandir |

Laadli Group
Where Dreams Come Home

LAADLI GoVindVan

**CALL US: 703-703-0598, 952-088-5411, 7060-100-731**

# बगैर किसी खतरे के 21 साल में थमाई पिस्टल

Shanker.Singh
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: कुछ साल से राजधानी के युवाओं के बीच हथियारों की होड़ होने लगी है। नतीजतन वेस्टर्न यूपी, मध्य प्रदेश और बिहार के सप्लायर इसका फायदा उठाते हुए इनके हाथों में पिस्टल थमाने में जुट गए। गली के गुंडे तक पिस्टल लेकर घूमने लगे। सोशल मीडिया तक में खुलकर पिस्टल के साथ रील्स बनने लगीं। दिल्ली पुलिस लगातार अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान चला कर कई गिरोहों को पकड़ती रही। कई अवैध फैक्ट्रियां तक ध्वस्त कीं। दूसरी तरफ, उसी दिल्ली पुलिस की लाइसेंसिंग यूनिट धड़ल्ले से पिस्टल के लाइसेंस बांट रही है।

**दल्लूपुरा में रील बनाते हुए युवक की मौत के मामले में खुलासा**

दरअसल न्यू अशोक नगर के दल्लूपुरा गांव में 16 मार्च को रील बनाने के दौरान पवन देढ़ा (28) की मौत के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, लाइसेंसिंग यूनिट ने जिस हिमांशु देढ़ा के नाम पर पिस्टल का लाइसेंस जारी किया था, उसकी उम्र महज 21 साल है। यह लाइसेंस देने की न्यूनतम उम्र है, लेकिन इसे जारी करने से पहले लोकल पुलिस की रिपोर्ट ली जाती है। लाइसेंस तभी दिया जाता है, जब लगे वाकई आवेदन करने वाले की जान को खतरा है। इसी संभावित खतरे से बचाने और सेल्फ डिफेंस के लिए हथियार का लाइसेंस दिया जाता है।


AI Image

ईस्ट जिला पुलिस सूत्रों का दावा है कि उनकी तरफ से लाइसेंसिंग यूनिट को भेजी रिपोर्ट में किसी तरह का खतरा नहीं होने और लाइसेंस जारी नहीं करने की सिफारिश की गई थी। इसके बावजूद हिमांशु देढ़ा को इसी साल फरवरी में पिस्टल का लाइसेंस थमा दिया गया। सूत्रों का यह भी कहना है कि हिमांशु इस साल अप्रैल में 22 साल का होगा। वो कोई काम भी नहीं करता। ऐसे में उसकी तरफ से ITR किस तरह से सब्मिट किया था, इसे चेक करना होगा।

### DCP और मैजिस्ट्रेट तक नहीं ले पाए पिस्टल!

एक रिटायर्ड पुलिस अफसर ने हैरानी जताते हुए कहा कि यह लाइसेंसिंग यूनिट की तरफ से की गई घोर लापरवाही है या मामला भ्रष्टाचार का है, इसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अपने समय में एक सेवारत डीसीपी और न्यायिक मैजिस्ट्रेट के पिस्टल के लाइसेंस के आवेदन को रिजेक्ट होते देखा है। लेकिन कई ऐसे लोग हैं, जो खुद को योग्य आवेदक साबित करते हुए इसे हासिल करने में सफल रहते हैं। इसी तरह एक अन्य अधिकारी ने बताया कि स्पेशल यूनिट्स में तैनात पुलिसकर्मियों तक को निजी तौर पर पिस्टल रखने के लिए लाइसेंस देने में मनाही कर दी जाती है।

# ट्रेन की चपेट में आए दो युवकों की मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**महाराजपुर फ्लाईओवर** के पास दर्दनाक हादसे में दो युवकों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद दोनों शवों की पहचान नहीं हो सकी थी, लेकिन दो दिन बाद एक युवक की पहचान उसके परिजनों ने कर ली है।

पुलिस के अनुसार, 18 मार्च की शाम महाराजपुर फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रहे गाजियाबाद-नई दिल्ली रेलवे ट्रैक पर दो लोगों के ट्रेन की चपेट में आने की खबर मिली थी। आनंद विहार रेलवे पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। वहां दो युवकों के शव पड़े मिले। शुरुआती जांच में दोनों के पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिले। 20 मार्च को एक व्यक्ति आनंद विहार रेलवे थाना पहुंचा और उसने एक शव को अपने भाई का बताया। पुलिस द्वारा पहचान कराए जाने पर मृतक की पहचान सत्यम तिवारी के रूप में हुई। वह मूल रूप से अयोध्या का रहने वाला था और चांदबाग स्थित एक फूड आउटलेट में काम करता था। उसके परिजन दिल्ली-एनसीआर में ही रहते हैं। पुलिस के अनुसार, दूसरे मृतक की पहचान अब भी नहीं हो पाई है।


AI Image

# EV चार्जिंग स्टेशन का चार्जिंग गन ले गए चोर

■ अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली

**दिल्ली में** इलेक्ट्रिक वीकल (EV) चार्जिंग स्टेशन अब चोरों के निशाने पर है। ताजा मामला तिलक मार्ग थाना क्षेत्र में भैरो मंदिर गेट के पास का है। यहां स्थित एक EV चार्जिंग स्टेशन पर चोरी और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। आरोपी चार्जर के अहम उपकरण चार्जिंग गन काटकर ले गए। चोरी की यह वारदात CCTV कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में आरोपियों के चेहरे, उनकी गाड़ी के नंबर और उनसे जुड़े मोबाइल नंबर साफ दिखाई दे रहे हैं। पुलिस इन सुरागों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। हालांकि सूत्रों की मानें तो दो आरोपियों को पकड़ लिया गया है। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने मुनिरका में भी वारदात को अंजाम दिया। कंपनी का आरोप है कि चार महीने में आरोपियों ने उनके चार चार्जिंग स्टेशन को निशाना बनाकर लाखों रुपये की चार्जिंग गन चुरा ले गए हैं। पुलिस ने शिकायत पर 19 मार्च को केस दर्ज किया।

**भैरो मंदिर के पास है स्टेशन, CCTV में कैद हुई वारदात**

रिलायबल स्पार्क चार्ज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ऑपरेशन इंजीनियर साहिल अख्तर ने तिलक मार्ग थाने में दी शिकायत में बताया कि घटना 18 मार्च की रात करीब 1 बजे की है। चार अज्ञात युवक लोडिंग गाड़ी में सवार होकर चार्जिंग स्टेशन पहुंचे और परिसर में घुस गए। इसके बाद उन्होंने चार्जिंग यूनिट से जुड़े दोनों सीसीएस2 चार्जिंग गन (गन A और गन B) काटकर ले गए। इस वारदात से कंपनी को करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है।















**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in